



# तस्कर से 87 किलो गांजा बरामद, कार सहित 20 लाख का माल जब्त

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खण्डेलवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बड़ौनी विनायक शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना बसई पुलिस को मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान के तहत बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। 2 जून 2026 की रात्रि में थाना प्रभारी बसई उनि नीरज कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक कार में अवैध गांजा परिवहन किया जा रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों के साथ मकडारी रोड पहुंची।







मुखबिर के बताए अनुसार संदिग्ध वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम पुष्पेन्द्र उर्फ धीरेन्द्र लोधी पुत्र स्व. आशाराम लोधी, उम्र 28 वर्ष, निवासी मातेवाय बरधुवा, थाना बसई बताया। नियमानुसार एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार की डिग्गी में रखी तीन प्लास्टिक बोरियों से कुल 84 पैकेट गांजा बरामद हुआ। जप्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से गांजे के स्रोत एवं इसके संभावित नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। दतिया पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है। नीरज कुमार थाना प्रभारी बसई व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।



## प्रभारी मंत्री से मिले सेंवढ़ा विधायक, क्षेत्रीय विकास पर हुई चर्चा

**दतिया 3 जून।** सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल ने प्रभारी मंत्री ऐदल सिंह कंसाना के भोपाल स्थित निवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं समसामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। भेंट के दौरान क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं तथा आगामी आवश्यकताओं को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास संबंधी अपेक्षाओं से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर राकेश सिंह गौर, रमन नीखरा तथा प्रभात श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# दूध देने गए युवक का नदी में मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** दतिया जिले के भांडेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेरा मौजे में एक 38 वर्षीय युवक का शव नदी में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक पिछले दो दिनों से लापता था और उसकी मोटरसाइकिल नदी के किनारे एक पेड़ के नीचे खड़ी मिली। सूचना पर पहुंची भांडेर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अजीतपुरा निवासी विनोद यादव (38), पिता वीरसिंह यादव के रूप में की गई है। विनोद के बड़े भाई मनोज यादव ने बताया कि वह 1 जून को अपनी मोटर साइकिल से दूध की डिलीवरी करने के लिए भांडेर कस्बा गया था, लेकिन उसके बाद वापस घर नहीं लौटा। जब देर रात तक विनोद का कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका था। लापता विनोद की तलाश के बीच, मंगलवार शाम करीब 5रू30 बजे उसका बड़ा भाई मनोज यादव बड़ेरा मौजे के हार में भैंस चराने गया था।

इसी दौरान उसकी नजर वहां लगे एक नीम के पेड़ पर पड़ी, जिसके नीचे विनोद की मोटर साइकिल खड़ी हुई थी। अनहोनी की आशंका के चलते जब मनोज ने आसपास के इलाके और नदी के घाट पर तलाश की, तो विनोद का शव नदी के पानी में औंधे मुंह पड़ा हुआ दिखाई दिया। परिजन उसे तत्काल भांडेर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर भांडेर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार किया। परिजनों के मुताबिक, मृतक विनोद अभी अविवाहित था और दो भाइयों में छोटा था। वह घर पर ही रहकर खेती-किसानी और दूध बेचने का काम करता था। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है, और मौत की वास्तविक वजह का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# मोदी के कार्यकाल के 12 साल बेमिसाल : पिरोनिया

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** भारतीय जनता पार्टी भांडेर विधानसभा क्षेत्र के भांडेर नगर मंडल की बैठक एवं इमिलिया मंडल की बैठक आज भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं भांडेर के पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया के मुख्य अतिथि में आयोजित की

**भांडेर एवं इमिलिया मंडल की बैठक आयोजित**

गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रूपेश पंसारी एवं मंडल अध्यक्ष अरविंद दांगी ने की।

बैठक में विशेष अतिथि के रूप में प्रभारी रामकुमार शर्मा ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



सुशासन के 14 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले सेवा पखवाड़ा मनायें जाने की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व स्तर पर शक्ति सम्पन्न देश के रूप में उभर कर सामने आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका ,सबका विकास और सबके प्रयास से विकसित भारत के निर्माण हेतु काम कर रहे हैं। पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रीत्व काल के कामों और योजनाओं को युगों तक याद रखा जाएगा, क्योंकि अयोध्या में राममंदिर निर्माण, कश्मीर से धारा 370 हटाना,तीन तलाक, प्रधानमंत्री आवास योजना,आयुष्मान योजना, जन-धन योजना, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, सहित अनेक योजनाएं समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के कल्याण को कैन्द्रीत है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जयराम परिहार,राजेंद्र यादव,बेताब सिंह यादव ,गयाशीराम वंशकार, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खुशियों की दास्तां, जनसुनवाई से बदली जिंदगी

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं तब सार्थक होती हैं, जब उनका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे दतिया जिले के ग्राम सोनागर निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग सोनू पटवा के जीवन में भी ऐसा ही सकारात्मक बदलाव आया है जनसुनवाई में की गई उनकी एक सरल सी मांग पर जिला प्रशासन ने त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें बैटरी चलित मोटर

**बैटरी ट्राइसाइकिल बनी सोनू के आत्मनिर्भर जीवन की नई राह**

ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार हुआ है सोनू पटवा लंबे समय से शारीरिक दिव्यांगता के कारण आवागमन की गंभीर समस्या से जूझ रहे थे दैनिक कार्यों, सामाजिक गतिविधियों तथा आवश्यक कार्यों के लिए उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था इससे न केवल उनकी दिनचर्या प्रभावित होती थी, बल्कि आत्मनिर्भर जीवन जीने की इच्छा भी बाधित होती थी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए संचालित प्रयासों के तहत आयोजित जनसुनवाई में सोनू ने अपनी समस्या प्रशासन के



समक्ष रखी। आवेदन प्राप्त होते ही जिला प्रशासन ने मामले को प्राथमिकता देते हुए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही की और उन्हें बैटरी चलित मोटर ट्राइसाइकिल प्रदान की ट्राइसाइकिल मिलने के बाद सोनू के चेहरे पर खुशी साफझलक रही थी अब वे बिना किसी सहायता के अपने आवश्यक कार्यों के लिए आसानी से आवागमन कर सकेंगे इससे उनकी सामाजिक सहभागिता बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर जीवन की ओर मजबूती से कदम बढ़ा सकेंगे भावुक होकर सोनू पटवा ने कहा, पहले कहीं आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी और दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था अब ट्राइसाइकिल मिलने से मेरी जिंदगी काफी आसान हो गई है यह मेरे लिए सिर्फएक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का माध्यम है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े और जिला प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने कहा कि जिले के प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि दिव्यांगजनों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं सोनू पटवा की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन की संवेदनशील पहल और जनसुनवाई जैसी व्यवस्थाएं जरूरतमंद लोगों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती हैं शासन और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से दतिया जिले में दिव्यांगजनों के लिए सुगम, सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर वातावरण निर्मित करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

## शा. उचित मूल्य दुकानों पर अनियमितता मिलने पर हुई कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा दतिया जिले में स्थापित विभिन्न शासकीय उचित मूल्य की दुकानों की जांच की गई। शासकीय उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं, राशन सामग्री के स्टॉक में भारी अंतर एवं वितरण में गड़बड़ियां पाए जाने पर कार्यवाही गई है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जिन शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर कार्यवाही की गई उनमें बड़ौनी वार्ड क्रमांक 4 एवं 15 की शासकीय उचित मूल्य दुकान (कोड 704023) में विक्रेता श्रीमती नीरज दुबे एवं सहायक विक्रेता नवनीत दुबे के कार्यकाल से संबंधित जांच में गेहूं, चावल, नमक एवं शक्कर की कुल 103.90 क्विंटल सामग्री कम पाई गई। साथ ही कई हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि उन्हें निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जाता था तथा शक्कर का वितरण नियमित रूप से नहीं किया जाता था। इस संबंध में दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसी प्रकार हथलाई शासकीय उचित मूल्य दुकान में विक्रेता विशेष भार्गव के विरुद्ध जांच में

**जांच में गेहूं, चावल, नमक एवं शक्कर कम पाई गई**

गेहूं, चावल, नमक एवं शक्कर के स्टॉक में लगभग 84.49 क्विंटल की कमी पाई गई। जांच के दौरान उपभोक्ताओं ने राशन वितरण में अनियमितता तथा अभद्र व्यवहार की शिकायत भी दर्ज कराई। मामले को गंभीर मानते हुए दुकान को निलंबित कर उसका संचालन अस्थायी रूप से अन्य दुकान से संबद्ध कर दिया गया है। इसी प्रकार बड़ग्रौर शासकीय उचित मूल्य दुकान (दुकान कोड 0701109) में विक्रेता लक्ष्मी जाटव के विरुद्ध जांच में गेहूं, चावल एवं नमक की कुल 78.94 क्विंटल सामग्री कम पाई गई। जांच में यह भी सामने आया कि दुकान का संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा था तथा कई हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिला। प्रशासन ने दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उसका संचालन अन्य उचित मूल्य दुकान को सौंप दिया है। श्री सरल ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## सदगुरु के बताये मार्ग पर चलना ही जीवन की सफलता : लक्ष्य कटारिया




**दतिया 3 जून।** दतिया संत निरंकारी मण्डल की शाखा दतिया स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन मे गत दिवस विशेष बाल संत समागम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो द्वारा की गयीं विभिन्न प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी श्रद्धांलुओं को भाव विभोर कर दिया, बाल संत समागम की स्टेज पर मुख्य रूप से बाल संत लक्ष्य कटारिया ने अपने उदबोधन मे निरंकारी सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज के बताये गए मार्ग का अनुसरण एवं शिक्षाओं पर अपने जीवन को चलाने पर जोर दिया वही समागम का संचालन सक्षम प्रजापति ने किया अपनी प्रस्तुति देने वाले बाल संतो मे भाविनी सचदेवा, नेत्रा राजानी, गौरव गजवानी,आदित्य गजवानी, नेन्सी गजवानी, खुशी प्रजापति,मन्नत सचदेव, भावना संतवाणी, कुणाल साहित्या,प्रिसा साहित्य, ऋतिका बत्रा, मौलिक मोरयानी, ने किया।

# एक साथ चार कथाओं के अंतिम दिन भक्तों ने किया नृत्य

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** बेतवा नदी के तट पर पहाडी के ऊपर गुफा में विराज मान भोलेनाथ के पवित्र भैरारेस्वर धाम पर एक साथ श्री शिव महा पुरान ,श्रीमद भागवत ,रामचरित्रमानस,महाभारत चार कथाओं का संगीतमय आयोजन किया गया जिसमें शिवा किशोरी,रुद्र शुक्ला,राम किशोर ,पं.कृष्णा चार व्यास ने व्यास गद्दी पर बैठकर भक्तों को बारी बारी से कथाओं का रस पान कराया जिसका समापन बुधवार को हवन भण्डारे के साथ हुआ अंतिम दिन कथा बाचक ने शिव महापुराण श्रवण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ज्ञान, धर्म और भक्ति का



मूल है। पांच दान - यश, मान, कीर्ति, नम्रता और सरल सत्य स्वयं परमात्मा है। उन्होंने बताया कि कलयुग वास्तव में करयुग है। अर्थात जैसी करनी वैसी भरनी। व्यास ने कहा कि जो तन देखता है, शरीर देखता है वह सक्षम नहीं है। सक्षम वही है जो मन को देखता है, भाव को देखता है। संसार में सब कुछ सपना है। यह सब असत्य है, सत्य स्वयं राम है। कथावाचक ने उपदेश दिया कि परहित करो, सभी को जाग्रत करो, सम्मान करो, भजन करो, हंसते रहो, मस्त रहो और मुस्कराते रहो। उन्होंने बताया कि भगवान कभी भेद नहीं करते। शिव पुराण का पाठ करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। व्यक्ति के सभी प्रकार के कष्ट और पाप नष्ट हो जाते हैं। जीवन के अंत में उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिवपुराण कथा में भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों और ज्योतिर्लिंगों का महत्व बताया गया। शिव को पंचदेवों में प्रधान अनादि सिद्ध परमेश्वर माना गया है। कथावाचक ने भगवान शिव को प्रिय रुद्राक्ष का महत्व भी बताया। कथा के दौरान चल रहे भजनों पर महिला श्रद्धालु जमकर थिरकीं। इस बीच यजमान लव योगी के साथ रामकिशोर महाराज, ज्ञानेंद्र खरे ,अतुल बिट्टू शर्मा,शिवम् शर्मा,विनीत तिवारी,सचिन भट्ट ,शिशुपाल सिंह राजपूत, संजय यादव,राजू केवट, कार्यक्रम के अंत में महा आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

# दादा महाराज कोठी राजदरबार में प्रतिभाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** दतिया राजपरिवार की बेटी शिवागना कुमारी ने कक्षा 12 में ह्यूमैनिटीज विषय में झांसी जिले में सबसे ज्यादा परसेंटेज प्राप्त की 95.2 और इतिहास विषय में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर बुंदलखण्ड में अपना परचम लहराया, 100 में से 99 अंक प्राप्त किये,

**दतिया की तेज धावक बेटी राधाः** दतिया की बिटिया राधा यादव ने कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित 24वीं नेशनल जूनियर (अंडर-20) फेडरेशन एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 1500 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर दतिया



सहित पूरे मध्य प्रदेश का मान बढ़ाया है। बेटियों के इस अद्भुत सफलता और उज्वल भविष्य के लिए महाराजा गोविन्द देव और महारानी परिणीता जी ने बेटी राधा का महाराज गोविन्द देव दरवार में सम्मान किया , तो बन्हि इस अवसर पर जम्मू कश्मीर के राजा करण सिंह जु देव के पर्सनल असिटेंट गंगाधर शर्मा सह पत्नी दरवार में पधार कर बेटी शिवागना राजा का सम्मान किया,राज परिवार की ओर से बेटी राधा को अनंत शुभकामनाएं। दतिया की प्रतिभाओं पर हमें बहुत बहुत गर्व है, इस प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान राज दरवार में जिले के वरिष्ठ जन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, सभी ने बेटियों का सम्मान कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

## अनियंत्रित कार ने घर में बैठे युवक को मारी टक्कर, चालक फरार

**दतिया ।** गोराघाट थाना क्षेत्र के ग्राम उचाड़ स्थित स्यावरी तिराहे पर तेज रफ्तार वैन्यूज कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। बेकाबू कार ने कई घरों को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर दम तोड़ा। हादसे में घर पर बैठे एक अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार तेज स्पीड से आ रही वैन्यूज गाड़ी स्यावरी तिराहे पर अचानक अनियंत्रित हो गई। कार ने रास्ते में आने वाले घरों को टक्कर मार दी और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। इस दौरान अपने घर के अंदर बैठे राकेश सेन अधेड़ कार की चपेट में आकर घायल हो गए। हादसे के समय घरों में मौजूद अन्य लोग और कार चालक बाल-बाल बच गए। कार की टक्कर से घरों को भी नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं पर नहीं बनी घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल राकेश सेन को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं वैन्यूज कार चालक दिलीप बघेल हादसे के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। गोराघाट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# स्ट्रीट लाईट की जगह खम्बों पर लगा दिये एलईडी बल्ब

नवभारत न्यूज

**दतिया 3 जून।** दतिया नगर के मुख्य मार्गों से लेकर गली मोहल्लों में नगर परिषद दतिया द्वारा खम्बों पर स्ट्रीट लाईट की जगह एलईडी बल्ब टांग दिये गये। जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दतिया नगर में आमजन में चर्चा का विषय है कि आखिकार स्ट्रीट लाईट अधिक रोशनी देती है कि एलईडी बल्ब गौर करने की बात यह है कि जिला हॉस्पिटल की जाने वाले मार्ग पर भी एलईडी बल्ब खम्बों पर टांग दिये गये। जिससे रात्रि में मरीज के साथ आने वाले परिजनों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है क्योंकि एलईडी बल्ब की रोशनी नहीं होती कि वह सड़क



मार्ग पर रोशनी कर परन्तु दतिया नगरपालिका को लगता है कि स्ट्रीट लाईट की जगह एलईडी बल्ब में ज्यादा रोशनी होगी। इसलिए संपूर्ण दतिया नगर के मुख्य मार्गों से लेकर गली मोहल्ले के गलियों में एलईडी बल्ब टांग दिये गये।